# विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कुक्कुट फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं

ऊधम सिंह नगर जिले के आस–पास के क्षेत्र में फैल रहे बर्ड फ्लू की आशंका को देखते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कुक्कुट फार्म पर पक्षियों में एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस की जांच हेतु दिनांक 18.08.2025 को मृत पक्षियों के नमूनों को आई.वी.आर.आई., इज्जतनगर, बरेली (उत्तर प्रदेश) जो इस रोग हेतु संदर्भ प्रयोगशाला है, को भेजा गया, जिसकी रिर्पोट दिनांक 20.08.2025 को प्राप्त हुई, जिसमें एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस (बर्ड फ्लू) नहीं पाया गया है। ज्ञातव्य हो कि उपरोक्त बीमारी की आशंका के अनुरूप सावधानी बरतते हुए विगत 1 सप्ताह से शैक्षणिक कुक्कुट फार्म द्वारा जनहित में कुक्कुट एवं कुक्कुट उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है एवं भ्रमण हेतु फार्म पर आने वाले आगंतुकों का प्रवेश भी फार्म में पूर्णतः बंद कर दिया गया है। विगत 1 सप्ताह से बर्ड फ्लू के संक्रमण से फार्म के बचाव हेतु प्रतिदिन फार्म को सैनेटाइज किया जा रहा है, साथ ही फार्म के मुख्य द्वार तथा फार्म में आवश्यक स्थानों पर चूने एवं पोटेशियम परमेग्नेट का प्रयोग भी प्रतिदिन किया जा रहा है, ताकि पक्षियों में किसी सम्भावित रोग को फार्म में फैलने से रोका जा सके। विगत 1 सप्ताह से फार्म पर पक्षियों की मृत्युदर में वृद्धि हो रही थी, जिसको देखते हुए फार्म पर ही मानकों के अनुसार प्रतिदिन गहरे गड्ढे खोदकर चूना इत्यादि डालकर मृत पक्षियों को दबाया जा रहा था। फार्म पर मुर्गियों में हो रही मृत्यु सम्भवतः मुर्गियों की ही किसी अन्य बीमारी अथवा वातावरण में आये परिवर्तन के कारण हो सकती है, जिसकी जांच अभी चल रही है। शैक्षणिक कुक्कुट फार्म के सम्बन्ध में विगत दिनों में कुछ समाचार पत्रों एवं मीडिया में भ्रामक खबर प्रेषित हो रही हैं कि फार्म पर बर्ड फ्लू की पुष्टि हो गयी है, जो कि निराधार है, जिसका विश्वविद्यालय पूरी तरीके से खण्डन करता है।